# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.).491001

*ई मेल : registrar@durguniversity.ac.in* *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*


**निविदा फार्म का मूल्य रू. 2000/-**

## पुस्तकों के क्रय हेतु निविदा प्रपत्र एवं शर्ते

**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)**

**।। पुस्तकों के क्रय हेतु निविदा सूचना ।।**

क्र0 665/HYV/ Dev/2021 दुर्ग, दिनांक 17/09/2021

विश्वविद्यालय द्वारा पुस्तकों/शोध पत्रिका के क्रय हेतु प्रतिष्ठित प्रकाशकों, वितरकों तथा फर्मो से रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीडपोस्ट/कोरियर के माध्यम से सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी एवं निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय के बेबसाईड www.durguniversity.ac.in से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते है ।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि – दि0 20/10/2021 समय 03.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि – दि0 20/10/2021 समय 04.00 बजे

**कुलसचिव**

नोट :– निविदाकर्ता निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर करें ।

D/ DU Yogesh /Books Tender/01

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0) 491001
(पूर्व नाम – दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

Email: **registrar@durguniversity.ac.in**Website: www.durguniversity.ac.in Phone & Fax 0788-2359100


## आवेदन पत्र

प्रति,

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय
दुर्ग (छ0ग0)

विषय :– पुस्तकों (Print) के प्रदाय हेतु निविदा आमंत्रण ।

संदर्भ :– पत्र क्र. 665/HYV-Dev./2021 दुर्ग, दिनांक 17/09/2021

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के परिपालन में मेरे द्वारा निविदा के समस्त शर्तो तथा प्रपत्रों को पढ़ लिया गया है। तत्पश्चात मेरे द्वारा सील (मुहर) अंकित कर हस्ताक्षर कर दिए गए है एवं वांछित समस्त जानकारी संलग्न कर दिये गए हैं । मैं निविदा के समस्त शर्तो के परिपालन हेतु अपनी सहमति देता हूॅ । मेरे द्वारा प्रस्तुत दर को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत किया जाता है तो इन शर्तो के अधीन पुस्तकें प्रदाय हेतु मैं वचन बद्ध हूं । विवाद की स्थिति में "कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0) का निर्णय मुझे मान्य होगा।

निविदा कर्ता –

स्थान ......................................

दिनांक ....................................

हस्ताक्षर ...................................

नाम ..............................................

पदनाम ........................................

सील ..............................................

## पुस्तकों (Print) के प्रदाय हेतु निविदा की शर्ते

**(निविदा में किसी प्रकार का संशोधन या शुद्धिपत्र की सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाईट में दी जावेगी।)**

01. यह निविदा पुस्तकों की प्रतिष्ठित प्रकाशकों/विक्रेताओं से हेमचंद यादव विश्वविद्याय, दुर्ग में अनुबंध की तिथि से एक वर्ष तक विभिन्न विषयों की पुस्तकों के प्रदाय हेतु आमंत्रित की गई है। पुस्तकों के क्रय के लिए अनुमानित राशि रू. 50.00 लाख है । यह राशि कम या ज्यादा हो सकती है।

02. निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र मूल्य की राशि रू. 2000/- का बैंक ड्राफ्ट जो " **कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग**" के नाम से देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। रू. 2000/- का बैंक ड्राफ्ट संलग्न नहीं करने पर निविदा स्वमेव अमान्य मानी जावेगी।

03. निविदा के साथ कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के नाम पर देय अमानत (EMD) राशि रू. 01.50 लाख का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है। यह अमानत राशि वापसी योग्य है । इस राशि पर ब्याज देय नही हैं । रू. 01.50 लाख का बैंक ड्राफ्ट संलग्न नहीं करने पर निविदा स्वमेव अमान्य हो जावेगी।

04. निविदाकर्ता द्वारा छुट (Discount) प्रतिशत (%) दर पुस्तकों के Latest edition की वास्तविक मूल्य पर प्रस्तुत की जावेगी। एक ही पुस्तक के Foreign एवं Indian दोनों Latest edition उपलब्ध होने पर Indian edition की आपूर्ति करनी होगी ।

05. पुस्तकों के प्रदाय हेतु न्यूनतम छूट (Discount) 20% (बीस प्रतिशत) पुस्तकों के वास्तविक मूल्य पर है । ऐसे शासकीय/संस्थागत प्रकाशन जिस पर प्रकाशक द्वारा छूट नहीं दिया जा रहा है या प्रदत्त छूट कम है, इसके अपवाद होंगे । परन्तु यह भी कि इस श्रेणी की आदेशित इन पुस्तकों की आपूर्ति सफल निविदाकर्ता को अनिवार्यतः करनी होगी और छूट सत्यापन हेतु प्रकाशको से क्रय की गई पुस्तकों के देयक की मूल प्रति की छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करनी होगी।

06. निविदाकर्ता को वित्तीय बीड में उल्लेखित सभी श्रेणियों की पुस्तकों पर छूट का प्रस्ताव देना अनिवार्य है।

07. किसी भी निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत अधिकतम छूट के अनुसार उसकी निविदा का चयन एक या अधिक श्रेणियों के लिए किया जा सकता है।

08. केवल वे ही पुस्तकों के प्रकाशक/विक्रेता फर्म निविदा में भाग ले सकेगें, जिनका पिछले प्रत्येक तीन वित्तीय वर्षो में वार्षिक टर्न ओव्हर राशि रू0 20.00 लाख से ऊपर का हो। इसके लिए पिछले तीन वित्तीय वर्षो का चार्टेड एकाउटेंट द्वारा प्रमाणित बैलेस शीट, आयकर विभाग में जमा की गई पिछले तीन वर्षो की टैक्स गणना पत्रक (रिटर्न) की प्रतियां एवं आयकर विभाग द्वारा जारी स्थायी लेखा (PAN) नंबर आदि सभी की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

09. स्वच्छ एवं साफ अक्षरों में बिना कांट छांट के पूरी तरह भरे हुए निविदा प्रपत्र सीलबंद लिफाफे में अंतिम तिथि दिनांक 20/10/2021 को समय 03.00 बजे तक कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0) के पते पर रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से प्राप्त हो जाना चाहिए। विलंब से प्राप्त हुई निविदा मान्य नहीं होगी। इसकी पूर्णतः जवाबदारी निविदा प्रस्तुतकर्ता फर्म की होगी। विश्वविद्यालय के अन्य पते पर प्रेषित निविदा के विलंब से प्राप्त होने की जिम्मेदारी स्वयं निविदाकर्ता की होगी।

10. निविदा "4 सील्ड लिफाफा पद्धति" के अनुसार विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा किये जायेगें। इसमें 1, 2 व 3 सील्ड लिफाफा एक बडे लिफाफा क्र–4 में रखकर सील्ड किये जायेगे। इस बडे लिफाफे के ऊपर स्वच्छ अक्षरों में **"पुस्तके प्रदाय हेतु निविदा जमा अंतिम तिथि 20/10/2021 समय 03.00 बजे तक"** अनिवार्यतः लिखा जावेगा।

(1) **सील्ड लिफाफा क्र. 1** – इसमें अमानत राशि रू. 1.50 लाख (रू. एक लाख पचास हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट एवं विश्वविद्यालय के वेबसाईट से डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र के मूल्य की राशि रू. 2000/- (रू. दो हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट रखा जायेगा। दोनों बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का होना चाहिए । इस लिफाफे के ऊपर **लिफाफा क्र–1 अमानत राशि व निविदा प्रपत्र–मूल्य** लिखा जावेगा। अमानत राशि पर ब्याज देय नहीं होगी।

(2) **सील्ड लिफाफा क्र 2**– इसमें क्रमशः निविदाकर्ता का आवेदन पत्र, निविदा शर्ते, टेक्नीकल बिड प्रपत्र **"अ"** के साथ वांछित समस्त प्रमाण पत्र– PAN, पिछले तीन वित्तीय वर्षो की आडिटेड बैलेंस शीट एवं तीन वित्तीय वर्षो की इन्कम टेक्स रिटर्न की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रतियों को रखा जायेगा। इस लिफाफे के ऊपर **लिफाफा क्र–2 टेक्नीकल बिड प्रपत्र –"अ"** लिखा जावेगा।

(3) **सील्ड लिफाफा क्र. 3** – इसमें वित्तीय बिड प्रपत्र– B रखा जावेगा। इस प्रपत्र को स्वच्छ व साफ सुथरे अक्षरों में बिना कांट छांट के भरा जावे । निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत छूट का दर अंकों एवं शब्दों में प्रतिशत (%) में भरा जावेगा। लिफाफे के ऊपर **"लिफाफा क्र–3 वित्तीय बिड प्रपत्र–B पुस्तकें प्रदाय हेतु"** लिखा जावेगा।

11. क्रमशः टेक्नीकल बिड लिफाफा उन फर्मो का खोला जायेगा, जिन्होंने लिफाफा–1 में निविदा शर्त क्र. 2 एवं 3 अनुसार दोनो बैंक ड्राफ्ट संलग्न किया है। वित्तीय बिड लिफाफा–3 उन निविदा कर्ताओं का खोला जायेगा जो कि टेक्नीकल बिड लिफाफा–2 के खोले जाने पर निविदा के शर्तो के अनुरूप तकनीकी रूप से अर्ह/पात्र पाये जावेगें।

12. सफल निविदाकर्ता फर्म को विश्वविद्यालय के साथ एक वर्ष का अनुबंध करना होगा। कार्य संतोषजनक पाये जाने पर विश्वविद्यालय की सक्षम प्रशासनिक स्वीकृति उपरांत एक बार में एक वर्ष तक वृद्धि करते हुए अधिकतम दो वर्ष तक वृद्धि की जा सकती है।

13. निविदा जमा करने का तात्पर्य यह लगाया जावेगा कि सफल निविदा कर्ता को विश्वविद्यालय की निविदा में उल्लेखित समस्त शर्ते मान्य है।

14. सफल निविदा कर्ता द्वारा पुस्तकों को विश्वविद्यालय ग्रंथालय में स्पीड/रजिस्टर्ड पोस्ट/कर्मचारी के माध्यम से पहुंचाकर निर्धारित अवधि के अंदर प्रदाय करना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय तक पुस्तक पहुंचाने का जो भी व्यय होगा निविदाकर्ता को स्वयं वहन करना होगा। परिवहन व्यय या अन्य कर विश्वविद्यालय द्वारा देय नहीं होगा।

15. सफल निविदा कर्ता को सभी विषयों की Latest Edition की पुस्तकें देयक सहित आदेश में उल्लेखित अवधि में प्रदाय करनी होगी। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त पुस्तकों को स्वीकार करने या न करने का अंतिम निर्णय विश्वविद्यालय का होगा।

16. ऐसी पुस्तकें जिसका विदेशी एवं भारतीय प्रकाशन भी उपलब्ध है तो Latest Indian Edition ही स्वीकार्य होगा।

17. आदेश के किसी पुस्तक का उनके एक खण्ड का मूल्य यदि राशि रू. 20,000/- से अधिक है तो पुस्तक की आपूर्ति के पूर्व स्वीकृति आवश्यक है।

18. कटी फटी व त्रुटिपूर्ण तथा पुराने संस्करण की पुस्तकें स्वीकार नहीं की जायेगी तथा ऐसी पुस्तकें निविदाकर्ता के खर्चे पर वापस की जावेगी।

19. देयक तीन प्रतियों में होगी । देयक के साथ संबंधित प्रकाशक का मूल्य सत्यापन हेतु प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

20. भारतीय रिजर्व बैंक के वेबसाईट WWW.fbil.org.in/securities?op=referencerrate&mg=0 में उल्लेखित विदेशी मुद्रा विनिमय दर ही मान्य होगें।

21. पुस्तक क्रय देयक में निम्नांकित घोषणायें अनिवार्यतः होगी –

A. Latest edition have been supplied & these are not remainder titles.
B. Correct and Current price have been charged.
C. Publisher Original invoice or publishers website internet Copy enclosed for price proof.
D. R.B.I. Conversion Rates enclosed for foreign publication as per Terms and conditions.
E. Income Tax Permanent Account No. PAN -------------------

22. पुस्तक क्रय देयक में पुस्तक का Author, Title (ISBN Edition, Publisher Year), Price, Copy, Total Price, Discount, & Net Amount का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।

23. सफल निविदाकर्ता को आदेश की 80% (प्रतिशत) पुस्तकों को प्रदाय करना अनिवार्य होगा। आपूर्ति नहीं की गई पुस्तकों के संबंध में उचित साक्ष्य सहित प्रमाण पत्र, जो भी उचित होगा, कारण देना होगा ।

24. सफल निविदाकर्ता को फर्म द्वारा शर्त कमांक 23 के अंतर्गत प्रदान की गई प्रमाण पत्र यदि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षण किये जाने पर गलत पाया जाता है तो संबंधित फर्म को काली सूची में दर्ज कर इसकी सूचना सार्वजनिक की जावेगी।

25. सफल निविदाकर्ता की अमानत राशि जप्त की जा सकेगी यदि वह ——

अ निविदा खोलने के पश्चात से कार्य अवधि समाप्ति के पूर्व कार्य करने से इंकार करता है ।
ब कार्य व्यवहार से ऐसा प्रतीत होता है कि विश्वविद्यालय का हित प्रभावित हो रहा है तथा सूचित किए जाने पर भी कार्य व्यवहार में संतोषजनक सुधार नही पाया जाता है । ऐसी स्थिति में अमानत राशि जप्त कर द्वितीय क्रम के सफल निविदाकर्ता को क्रय आदेश जारी करने के लिए विश्वविद्यालय स्वतंत्र होगा तथा आगामी वर्षो में आमंत्रित निविदा के लिए अपात्र होगा।

26. सफल निविदाकर्ता फर्म को विश्वविद्यालय के साथ अनुबंध पश्चात ही कार्यादेश जारी किये जायेंगे।

30. निविदाकर्ता फर्म द्वारा निविदा में जोडी गई अतिरिक्त शर्ते जो इस निविदा में नही है, मान्य नही होगी।

31. निर्धारित अंतिम तिथि व समय तक प्राप्त निविदा को दिनांक 20.10.2021 को समय 04.00 बजे विश्वविद्यालय की क्रय समिति द्वारा खोला जायेगा।

32. प्राप्त हुई निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना किसी कारण बताये हुए स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को होगा।

33. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में माननीय कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

34. न्यायालयीन विवाद की स्थिति में प्रकरण दुर्ग न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होगा।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय,
दुर्ग (छ.ग.)

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0) 491001

(पूर्व नाम – दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

Email: registrar@durguniversity.ac.inWebsite: www.durguniversity.ac.in Phone & Fax 0788-2359100


## "पुस्तकों के प्रदाय हेतु टेक्नीकल बिड "प्रपत्र–"अ"

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट का विवरण | बैंक ड्राफ्ट नं. ........................................ दिनांक ............................<br>राशि रू 2000/- (रू. दो हजार मात्र)<br>बैंक व शाखा का नाम ................................................................................. |
| 2 | अमानत राशि (EMD) बैंक ड्राफ्ट का विवरण | बैंक ड्राफ्ट नं. ..............................................दिनांक ..........................<br>राशि रू 1,50,000/- (रू. एक लाख पचास हजार मात्र)<br>बैंक व शाखा का नाम ................................................................................. |
| 3 | निविदाकर्ता फर्म का नाम व फर्म की श्रेणी (विक्रेता / प्रकाशक / वितरक / स्टाकिस्ट) | ......................................................................................................<br>...................................................................................................... |
| 4 | फर्म का जीवित पंजीयन क्रमांक (प्रमाण पत्र संलग्न करें) | ......................................................................................................<br>...................................................................................................... |
| 5 | फर्म का काली सूची में (Black Listed) न होने का शपथ पत्र संलग्न करें | ......................................................................................................<br>...................................................................................................... |
| 6 | फर्म का स्थायी एवं पत्राचार का पता | ......................................................................................................<br>......................................................................................................<br>फोन ................................................ई–मेल ............................................. |
| 7 | फर्म के प्रोपराइटर / पार्टनर का नाम | ......................................................................................................<br>फोन .......................................ई–मेल ..................................................... |
| 8 | फर्म के प्रतिनिधि / साझेदार (पार्टनर) का नाम (जिससे कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की जानी है) | ......................................................................................................<br>फोन .......................................ई–मेल ..................................................... |
| 9 | फर्म का : 1. आयकर स्थायी लेखा नम्बर PAN (एवं GST नंबर (प्रमाण की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न कर पृष्ठांकन क्र.लिखे) | PAN : ........................................................<br>GST : ........................................................ |
| 10 | फर्म का वार्षिक टर्न ओवर यदि राशि रू. 20 लाख से ऊपर है तो फर्म का पिछले तीन वर्षो का चार्टर्ड एकाउटेंट से प्रमाणित बैलेंस शीट (प्रमाण की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न कर पृष्ठांकन क्र. लिखें) | वर्ष.......................................... राशि रू. ....................................<br>वर्ष.......................................... राशि रू. ....................................<br>वर्ष.......................................... राशि रू. .................................... |

निविदा कर्ता

हस्ताक्षर ..............................................

नाम ...................................................

सील ..................................................

| | | |
|---|---|---|
| 11. | फर्म के पिछले तीन वर्षो का इन्कम टैक्स रिटर्न गणना पत्रक (प्रमाण की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न कर पृष्ठांकन क्र. लिखें) | वर्ष......................................... राशि रू. .................................................<br>वर्ष......................................... राशि रू. .................................................<br>वर्ष......................................... राशि रू. ................................................. |
| 12. | फर्म क्या सभी विषयों की सभी प्रकार की पुस्तकों के प्रदाय के लिए सक्षम एवं सहमत हैं । | हां / नहीं |
| 13. | शासकीय/संस्थागत प्रकाशनों/ प्रतियोगिता पुस्तिकों के पुस्तकों की आपूर्ति अनिवार्यतः करनी होगी । कृपया स्पष्ट सहमति दें । | हां / नहीं |
| 14. | आदेश के हिन्दी माध्यम की पुस्तकों की आपूर्ति अनिवार्यतः करनी होगी । कृपया स्पष्ट सहमति दें | हां / नहीं |
| 15. | क्या निविदाकर्ता फर्म को निविदा की सभी शर्ते मान्य हैं । | हां / नहीं |

निविदा कर्ता

हस्ताक्षर ...............................................
नाम .......................................................
सील ....................................................

# HEMCHAND YADAV UNIVERSITY, DURG (C.G.) 491001

(Formerly – Durg Vishwavidyalaya, Durg)

Email: registrar@durguniversity.ac.inWebsite: www.durguniversity.ac.in   Phone & Fax 0788-2359100

## FINANCIAL BID PROFORMA : "B" For Books

| Sr. No | Publication | Bound | Discount (%) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | In Fig. | In Words |
| 1 | Indian Publication | Print | | |
| 2 | Foreign Publications | Print | | |

Note

1. 20% (Percent) is minimum discount for all publications except govt. publications
2. Rate of discount for all publications are compulsory.
3. Supply ordered books of Government/Institutions publication and competition books are Mandatory.
4. Discount is offered only for latest editions on current and correct actual publisher's price.

   (Indian Publication=Book published in India, Foreign Publication=Book published abroad)

Date :                                                                                                    Bidder

Place :                                                                                          Signature & Seal

सीव्ड लिफाफा क्र–1 : "पुस्तको के प्रदाय हेतु निविदा"

1 अमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट
2 निविदा प्रपत्र मूल्य राशि का बैंक ड्राफ्ट

प्रति,
कुलसचिव,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.) 491001

प्रेषक : निविदा कर्ता
नाम : ..................................................................
पता : ..................................................................
फोन/मो. ............................................................

सीव्ड लिफाफा क्र–2 : "पुस्तको के प्रदाय हेतु निविदा"

1 आवेदन पत्र
2 निविदा शर्त प्रपत्र
3 टेक्नीकल बिड प्रपत्र "अ" एवं इससे संबंधित समस्त प्रपत्र

प्रति,
कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.) 491001

प्रेषक : निविदा कर्ता
नाम : ..................................................................
पता : ..................................................................
फोन/मो. ............................................................

सीव्ड लिफाफा क्र–3 : "पुस्तको के प्रदाय हेतु निविदा"

1. वित्तीय बिड प्रपत्र "B"

प्रति,
कुलसचिव,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.) 491001

प्रेषक : निविदा कर्ता
नाम : ..................................................................
पता : ..................................................................
फोन/मो. ............................................................

सीव्ड लिफाफा क्र–2 : "पुस्तको के प्रदाय हेतु निविदा"
निविदा जमा की अंतिम तिथि / /.2021
समय दोपहर .................... बजे तक

इसके अंदर रखें :–
सीव्ड लिफाफा क्र 1
सीव्ड लिफाफा क्र 2
सीव्ड लिफाफा क्र 3

प्रति,
कुलसचिव,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.) 491001

प्रेषक : निविदा कर्ता
नाम : ..................................................................
पता : ..................................................................
फोन/मो. ............................................................